APEX HOSPITALS
"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"

32 YEARS of Excellence in Services

# APEX SAMWAD


Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network

Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow

वॉल्यूम 27, अगस्त 2026





## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

प्रिय एपेक्स परिवार,

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम देश की स्वतंत्रता, एकता और प्रगति के लिए किए गए प्रयासों को नमन करते हैं। यह अवसर हमें अपने कर्तव्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इसी भावना के साथ, एपेक्स हॉस्पिटल्स में हमने इस माह उन्नत चिकित्सा सेवाओं, जटिल उपचारों और नई चिकित्सा सुविधाओं के साथ कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं। स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास भी जारी रहा। मरीजों का विश्वास और हमारी टीम का समर्पण हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसी विश्वास के साथ हम बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी.झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए

New Joinings

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में डॉ. सावन गेलोत (कंसल्टेंट – जनरल सर्जरी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में डॉ. अश्विनी नागर (कंसल्टेंट – एनेस्थीसियोलॉजी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स गोयल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में डॉ. केशरी सिंह यादव (कंसल्टेंट – गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में श्री अमित कुमार सिंह (मैनेजर – फैसिलिटी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में डॉ. आदिश गोयल (एसोसिएट कंसल्टेंट – न्यूरोसर्जरी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में डॉ. रवि खुराना (कंसलटेंट- ऑर्थोपेडिक्स) का स्वागत किया गया



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में डॉ. राकेश कुमार भामू (कंसल्टेंट – गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में डॉ. रामरतन शर्मा (कंसल्टेंट – पल्मोनोलॉजी) का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में श्री अमित कुमार शर्मा (नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट) का स्वागत किया गया।

Environmental Initiative

## सीड बॉल्स के जरिए पर्यावरण संरक्षण की पहल



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर द्वारा प्रकृति के संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खो नागोरियान के पास कुंड वाले हनुमान जी में प्रकृति वॉक का आयोजन किया गया। इस पहल में प्रतिभागियों ने प्रकृति के बीच वॉक करते उपयुक्त स्थानों पर सीड बॉल्स लगाए सीड बॉल्स के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर पौधों के विकास और हरियाली को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के करीब लाने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरियाली बढ़ाने में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इस पहल में भाग लिया और प्रकृति संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दिया।

Empowerment

## स्व. श्रीमती सरला झंवर की स्मृति में 180 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति

स्व. श्रीमती सरला झंवर की स्मृति में आयोजित बालिका शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत एपेक्स हॉस्पिटल्स के सभी आठ केंद्रों में 180 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति, उपहार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से मेधावी छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना रहा। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों के सहयोग से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई और उपस्थित लोगों ने नशामुक्त जीवन का संकल्प लिया।



Advanced Care

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट की सुविधा शुरू



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में अत्याधुनिक रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट (Robotic TKR) की सुविधा शुरू की गई। अस्पताल के अनुभवी ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आशीष राणा एवं डॉ. संदीप गर्ग द्वारा इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से मरीजों को घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रोबोटिक तकनीक सर्जरी में बेहतर सटीकता और सुरक्षित उपचार में मदद करती है, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम एवं तेजी से रिकवरी का लाभ मिलता है। अब जयपुर और आसपास के मरीजों को यह उन्नत सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी।

Surgical Excellence

## जटिल रिविजन हिप रिप्लेसमेंट में नई तकनीक का सफल इस्तेमाल



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. हिमांशु खीचड़ ने 77 वर्षीय मरीज का रिवीजन हिप रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया। मरीज की पिछले डेढ़ साल में पांच बार सर्जरी हो चुकी थी, इसके बावजूद इंप्लांट बार-बार अपनी जगह से खिसक रहा था और ढीला हो गया था। मरीज का इलाज Dual-Mobility Hip Implant से किया गया, जिसका एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में पहली बार इस्तेमाल हुआ।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Wellness

## ऑल्टुरा II सोसाइटी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सीपीआर प्रशिक्षण शिविर



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर की ओर से ऑल्टुरा II रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. निशांत सिंह (कंसलटेंट, इंटरनल मेडिसिन) ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। करीब 45 से अधिक लोगों ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी एवं बीएमएस जैसी निःशुल्क जांचों का लाभ लिया। प्रतिभागियों को सीपीआर के महत्व की जानकारी देने के साथ इसकी व्यावहारिक ट्रेनिंग भी दी गई।

Team Spirit

## एपेक्स प्रीमियर लीग 2 में खेल और टीम भावना का उत्साह




एपेक्स प्रीमियर लीग 2 में एपेक्स टीम के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और खेल भावना एवं टीम स्पिरिट का शानदार प्रदर्शन किया। एपेक्स कॉरपोरेट हीरोज और ICU पिंक पैंथर्स के बीच हुए मुकाबले में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए श्री श्योखत अली को 'मैन ऑफ द मैच' से सम्मानित किया गया। यह आयोजन टीम के सदस्यों को खेल, मनोरंजन और आपसी जुड़ाव के साथ एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाने का अवसर देने वाला रहा।

Advanced Care

## फेको मशीन की सुविधा से आधुनिक नेत्र उपचार को बढ़ावा



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में मरीजों के बेहतर और आधुनिक नेत्र उपचार के लिए फेको मशीन (Phaco Machine) की नई सुविधा शुरू की गई। इस अत्याधुनिक तकनीक की मदद से मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। इस सुविधा के शुरू होने से सवाई माधोपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत नेत्र उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। यह अस्पताल की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

Growth

## एपेक्स हॉस्पिटल्स का चौथा SJMDP बैच सफलतापूर्वक संपन्न



एपेक्स हॉस्पिटल्स का चौथा SJMDP (Six Months Management Development Program) बैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छह माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एपेक्स हॉस्पिटल्स की विभिन्न यूनिट्स और विभागों से जुड़े 25 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को लीडरशिप, मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने का अवसर मिला। एपेक्स हॉस्पिटल्स ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

Milestone

## रोबोटिक तकनीक से सफल घुटना प्रत्यारोपण



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में ईसीएचएस योजना के तहत मरीज का रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। सर्जरी वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुन्दन सेन ने अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की सहायता से की। सर्जरी केबाद मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और दूसरे दिन ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। ईसीएचएस योजना के तहत पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को अब झुंझुनूं में ही विश्वस्तरीय रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

Healthcare Access

## एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल में MAA योजना के तहत उपचार सुविधा शुरू




एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में MAA योजना के तहत उपचार सुविधा शुरू की गई है। अस्पताल में न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी एवं गायनेकोलॉजी सहित विभिन्न विभागों की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही अस्पताल में डायलिसिस सेवा की शुरुआत हुई है, जिससे किडनी रोगियों को नियमित उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

Community Healthcare

## 'एपेक्स स्पर्श' के साथ आशियाना वृंदा गार्डन में स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत




एपेक्स हॉस्पिटल्स ने 'एपेक्स स्पर्श' पहल के तहत आशियाना वृंदा गार्डन में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की शुरुआत की है। सोसायटी परिसर में 24×7 एंबुलेंस और नर्सिंग स्टेशन की सुविधा रहेगी, जहां ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं ईसीजी जैसी प्राथमिक जांच के साथ आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श और प्राथमिक सहायता उपलब्ध होगी। पहल के तहत आगे हेल्थ चेकअप कैंप, सीपीआर एवं फर्स्ट-एड ट्रेनिंग और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 'एपेक्स स्पर्श' के माध्यम से रोगों से बचाव और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयारी को बढ़ावा देते हुए अस्पताल और समुदाय के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

Recognition

## उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सिंग स्टाफ को सम्मान



एपेक्स गोयल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में सुश्री कुमकुम मिश्रा, नर्सिंग ऑफिसर (वार्ड स्टाफ) को उनकी बेहतर कार्यशैली, जिम्मेदारी और एकाउंटेबिलिटी के लिए सम्मानित किया गया। उनके समर्पण एवं मरीजों की देखभाल के प्रति जिम्मेदार रवैये को देखते हुए उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित करता है।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Community Health

## केकड़ी में 100 से अधिक लोगों ने लिया निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर एवं लायंस क्लब, केकड़ी के संयुक्त तत्वावधान में होटल लक्ष्मी पैलेस में निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान बीपी, शुगर एवं ईसीजी की निःशुल्क जांच की गई। डॉ. निशांत सिंह, डॉ. शिव कुमार सैनी, डॉ. भानु कौशिक, डॉ. मोहम्मद रेहान एवं डॉ. संदीप गर्ग ने विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श प्रदान किया। शिविर में उपस्थित सभी डॉक्टरों एवं मेडिकल टीम को लायंस क्लब, केकड़ी की ओर से सम्मानित किया गया।

Appreciation

## डॉ. राकेश कुमार को कार्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मान



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में डॉ. राकेश कुमार (कंसल्टेंट, न्यूरोसर्जरी) अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी, समयबद्धता और समर्पण के साथ एपेक्स हॉस्पिटल्स के मूल मूल्य 'अकाउंटेबिलिटी' को प्रदर्शित किया। अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाने और कार्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहने के लिए उनके योगदान को सराहा गया।

Lifesaving Care

## समय पर एंजियोप्लास्टी से हार्ट अटैक के मरीज का सफल उपचार



एपेक्स स्काइलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में 32 वर्षीय युवक की समय पर एंजियोप्लास्टी कर जान बचाई गई। सीने में दर्द, सांस लेने में परेशानी और घबराहट की शिकायत के साथ मरीज को इमरजेंसी में लाया गया था। हार्ट अटैक के संकेत मिलने पर डॉ. सौम्य महलावत (कंसल्टेंट - कार्डियोलॉजी) एवं उनकी टीम ने कोरोनरी एंजियोग्राफी की, जिसमें हृदय की धमनी में रुकावट सामने आई। इसके बाद एंजियोप्लास्टी की गई। सफल एंजियोप्लास्टी के बाद मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

Community Outreach

## केसरीसिंहपुर में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर द्वारा केसरीसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 40 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया, वहीं 8 मरीजों ने टोटल नी रिप्लेसमेंट (TKR) सर्जरी के लिए पंजीकरण कराया। शिविर के माध्यम से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

Awareness

## एसओएसएस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर द्वारा विद्यार्थियों के लिए शुरू किए गए एसओएसएस (Student Online Swasthya Suvidha) कार्यक्रम का दूसरा सत्र सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को एसओएसएस कार्यक्रम तथा एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा छात्रों के लिए उपलब्ध विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं एवं ऑफर्स की जानकारी दी गई।

Initiative

## 10वीं बटालियन आरएसी के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर द्वारा 10वीं बटालियन आरएसी, बीकानेर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान बटालियन के कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस पहल के माध्यम से बटालियन के कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कमांडेंट श्री भंवर सिंह जी ने डॉ. अंकित स्वामी एवं डॉ. रवि खुराना का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

Care Access

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर हुआ GIC से एम्पैनल्ड



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर को GIC के पैनल में शामिल किया गया। इस एम्पैनलमेंट के साथ GIC से जुड़े मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने का अवसर मिलेगा। यह पहल मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## Employee Corner

मेरा एपेक्स हॉस्पिटल्स के साथ सफर वर्ष 2019 में मालवीय नगर यूनिट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में शुरू हुआ। वर्ष 2020 में मुझे मार्केटिंग टीम में मार्केटिंग कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, जहाँ मैंने मरीजों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने और विभिन्न जागरूकता अभियानों में योगदान दिया। वर्ष 2021 में एपेक्स हॉस्पिटल्स ऐप के लॉन्च के साथ मुझे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स टीम में एग्जीक्यूटिव की जिम्मेदारी मिली। तब से मैं ऐप के विकास, संचालन और विस्तार से जुड़ी हूँ तथा इसे अधिक उपयोगी और सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हूँ। आज गर्व है कि एपेक्स हॉस्पिटल्स ऐप 1 लाख डाउनलोड्स के महत्वपूर्ण पड़ाव के बेहद करीब है। यह उपलब्धि सभी यूनिट्स, विभागों और सहयोगी टीमों के निरंतर समर्थन, समन्वय और विश्वास का परिणाम है। मैं भविष्य में भी एपेक्स हॉस्पिटल्स की डिजिटल सेवाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए समर्पित रहूँगी।



मनीषा लख्यानी
अस्टिटेंट मैनेजर - डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन
एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए